प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 02.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि केन्द्र सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सस्ता और सुलभ बना रही है। आज नई दिल्ली में उन्होंने मीडिया को बताया कि देश में वर्ष 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन एक दशक में इनकी संख्या दोगुनी होकर 780 हो गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 12 करोड़ परिवारों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है और इसे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को भी उपलब्ध कराया गया है।

000000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए एनवायरमेंट फ्रेंडली तकनीक से सड़क और भवन निर्माण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सड़को के निर्माण कार्यो में प्लास्टिक वेस्ट का भी इस्तेमाल किया जाये। कल राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की बोर्ड बैठक में उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये की सड़क निर्माण के लिए फुल डेप्थ रिक्रिएशन तकनीक का इस्तेमाल किया जाये। बैठक में कोटपूतली कुचामन रोड को चौडी करने और इसके नवीनीकरण कार्यो के लिए 169 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। इस काम को डेढ साल में पूरा करने के निर्देश दिए गए है।

000000

आज राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रदेशवासियों से हवा, पानी, मिट्टी, पर्यावरण और किसी भी तरह के प्रदूषण को नहीं फैलाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। अपने सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता भी लाएं।

000000

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी का सकल संग्रह इस वर्ष नवंबर में एक लाख 82 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में साढे 8 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल नवंबर में यह एक लाख 68 हजार करोड़ रुपये था। जीएसटी संग्रह में यह बढोतरी घरेलू बिक्री में वृद्धि और नियमों के बेहतर अनुपालन से हुई है।

000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय दिव्यांग जन सशक्तिकरण पुरस्कार प्रदान करेंगी। कुल 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार इस अवसर पर दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

000000

सीकर के नेछवा थाने इलाके में तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने से दो महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। ये दुर्घटना कल रात काछवा गांव में पेट्रोल पंप के पास हुई। घायलों को इलाज के लिए जयपुर लाया गया है। ये सभी लोग एक ही परिवार के थे और सालासर बालाजी के दर्शन करने के लिए जा रहे थे।

000000

अजमेर में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के एआरटी सेंटर की ओर से चलाये जा रहे तीन दिन के कार्यक्रमों की कडी में आज रैली निकाली गई। यह रैली मेडिकल कॉलेज से रवाना हुई जो शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस कॉलेज पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और आमजन को एड्स के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

000000

भरतपुर में आयोजित दो दिवसीय महिला कुश्ती दंगल सम्पन्न हो गया है। कल देर शाम तक हुए फाइनल मुकाबलों में हरियाणा की कीर्ति ने भारत केसरी का खिताब अपने नाम किया। गौरतलब है कि जिले में पिछले कई सालों से महिला कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है । इस बार प्रदेश सहित हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली सहित अन्य प्रान्तों की करीब 100 महिला पहलवानों ने कुश्ती दंगल में हिस्सा लिया।

00000

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं हुआ है। सुबह और शाम सर्दी का असर देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क रहा। रात का सबसे कम 6 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान माउंटआबू में दर्ज किया गया। सीकर में पारा 8 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। चित्तौडगढ में 9 दशमलव 6, उदयपुर में 9 दशमलव 7, करौली में 10, भीलवाडा में 10 दशमलव 3, अलवर में 10 दशमलव 5 और राजधानी जयपुर में 14 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

00000